**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–**19 सितंबर** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज लखनऊ सहित देश के पैंतालिस स्थानों पर आयोजित बीसवें रोज़गार मेले को वर्चुअली करेंगे संबोधित।
- एनसीआर से जुड़े आठ जनपदों में वायु प्रदूषण की रोकथाम को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने की बैठक। पुराने वाहनों, नई ईवी नीति और औद्योगिक प्रदूषण पर हुयी चर्चा।
- प्रदेश को भूजल स्रोतों की गुणवत्ता और स्थिति की निगरानी में देशभर में मिला पहला स्थान
- मथुरा सहित प्रदेश भर में श्रद्धा और उल्लास से मनाया जा रहा राधाष्टमी का पर्व। बरसाना के राधारानी मंदिर में बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालु।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज लखनऊ सहित देश के पैंतालीस स्थानों पर आयोजित बीसवें रोज़गार मेले को वर्चुअली संबोधित करेंगे। इस दौरान विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में भर्ती हुए युवाओं को इक्यावन हज़ार से अधिक नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। एक रिपोर्ट–

***प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रोजगार मेले को वर्चुअली संबोधित भी करेंगे। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह मौजूद रहेंगे। नवनियुक्त उम्मीदवार भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में शामिल होंगे, जिनमें राजस्व विभाग, रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग तथा रक्षा मंत्रालय शामिल हैं। वहीं प्रदेश सरकार की ओर से लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में 818 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 21 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे, जबकि शेष 797 अभ्यर्थियों को विभाग द्वारा नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। ओम अवस्थी आकाशवाणी समाचार लखनऊ।***

**********

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कल लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से दिल्ली–राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र–एनसीआर से जुड़े–नोएडा, हापुड़, गाजियाबाद, मेरठ, बुलंदशहर सहित आठ जनपदों में वायु प्रदूषण की रोकथाम को लेकर बैठक की। इस अवसर पर पुराने वाहनों, नई ईवी नीति, इलेक्ट्रिक बसों, प्रदूषण प्रमाण पत्र, औद्योगिक प्रदूषण और धूल प्रदूषण पर विस्तार से चर्चा हुयी।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि बैठक में विशेष रूप से एनसीआर से जुड़े जनपदों में प्रदूषण के प्रमुख स्रोतों पर की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की गई। साथ ही केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग–सीएक्यूएम और स्थानीय निकायों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया गया।

***एयर पोलूशन को लेकर के सभी नगर निगम जो एनसीआर के हैं, उधर हमने विस्तृत कार्य योजना तैयार कराई है। पिछले दिसंबर से अभी तक लगभग 30 से ज्यादा बैठकों का आयोजन किया है और अब राज्य अनुसार जो सिटी स्पेसिफिक प्लान है उसपे भी कार्यवाही की गई है। पिछले दिनों एनसीआर के जो 63 छोटे–छोटे शहर आते थे, नगर निगम उनके भी जो पंचायत के जनपद के अध्यक्ष हैं, पंचायत अध्यक्ष हैं, नगरपालिका के चेयरमैन हैं, नगर निगम के मेयर हैं, उनके साथ हमने भी बैठक करी और अभी हमने निर्देशित भी किया है। इसके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं।***

बैठक में आगामी सर्दियों के दौरान प्रदूषण की रोकथाम के लिए प्रभावी, समयबद्ध और समन्वित कार्ययोजना तैयार करने पर भी चर्चा हुई।

**********

प्रदेश में सत्रह अक्टूबर तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा संकल्प महोत्सव–दो हजार छब्बीस आयोजित किया जा रहा है। इस महोत्सव में केंद्र सरकार की प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं और देश–प्रदेश में हुए सकरात्मक बदलाव की कहानी को सरल और संगीतपूर्ण नाटक के माध्यम से शहरों और गाँवों तक पहुचाया जाएगा। प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा में कम से कम तीस स्थानों पर नुक्कड़ नाटक कराये जायेंगे जबकि दस विशिष्ट स्थलों, अट्ठानबे जनपद स्तरीय स्थलों और आठ सौ छब्बीस ब्लॉक स्तरीय स्थलों पर थीम पर आधारित रंगोली बनायी जायेगी।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जन सेवा से देश सेवा के मंत्र और निरंतर प्रतिबद्धता से परिभाषित सार्वजनिक सेवा के पच्चीस वर्ष पूरे कर रहे हैं। सेवा और सुशासन के इसी दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, सरकार दो हजार सैंतालीस तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में निरंतर काम कर रही है। आकाशवाणी समाचार सेवा संकल्प अभियान पर विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। आज

जानेंगे कि कैसे वक्फ कानून में दो हजार पच्चीस में किये गए संशोधन ने वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को पारदर्शी बनाकर वक्फ संपत्तियों को संरक्षित करने के साथ ही उनके दुरुपयोग पर रोक लगाई है। एक रिपोर्ट–

***वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 में सरकारी जमीन पर किसी भी दावे की जांच अब ज़िलाधिकारी से वरिष्ठ अधिकारी द्वारा की जाएगी, और पहली बार हाईकोर्ट में अपील का प्रावधान भी खोला गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वक्फ कानून में किए गए संशोधन को मुस्लिम समाज के हित उठाया गया कदम बताया।***

***मैं देश की संसद को सर्व समाज के हित में मुस्लिम समाज के हित में एक शानदार कानून बनाने के लिए बधाई देता हूं। आप वक्फ की पवित्र भावना की भी रक्षा होगी। गरीब पसबंदा मुसलमान महिला बच्चे सबके हक भी महफूज रहेंगे।***

***उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली ज़ैदी ने कहा कि वक्फ कानून में संशोधन से मुस्लिम महिलाओं और यतीमों का सशक्तिकरण हुआ है।***

***वह संपत्तियों के और बेहतर संरक्षण और बेहतर रखरखाव और खास करके आम जनता को जो बेनिफिशरी हैं व खास के महिलाएं हैं, यतीम हैं, बेवा हैं, उनके लिए जो है इसके अंदर जो है बहुत अच्छी एक सोच रखें इसको जो है इसमें संशोधन किया गया है।***

***वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 लागू होने के बाद वक्फ़ संपत्तियों का संरक्षण बढ़ा है और आम जनमानस को इससे फायदा पहुंच रहा है। मुमताज़ अली, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।***

**********

भूजल स्रोतों की गुणवत्ता और स्थिति की निगरानी को लेकर किए जा रहे परीक्षण कार्य में प्रदेश ने देश में पहला स्थान हासिल किया है। एक रिपोर्ट–

***जांच के अंतर्गत राज्य और जिले स्तर की प्रयोगशालाओं से प्रदेशभर में भूजल स्रोत, भूमिगत व ओवरहेड टंकी समेत पानी के अन्य स्रोतों की पड़ताल की गई है। केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग नेवित्तीय वर्ष 2026–27 की पहली छमाही में 48 हज़ार 55 भूजल स्रोतों के परीक्षण का लक्ष्य निर्धारित किया था, जिसके मुकाबले प्रदेश में 45 हज़ार 361 स्रोतों की जांच पूरी कर ली गई है। यह कुल लक्ष्य का 94 दशमलव तीन नौ प्रतिशत है। राज्यवार रैंकिंग में उत्तर प्रदेश के बाद पंजाब दूसरे और आंध्र प्रदेश तीसरे स्थान पर है। यूपी जल निगम ग्रामीण प्रबंध निदेशक योगेश कुमार ने कहा कि भविष्य में भी प्रदेश में सभी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का प्रयास जारी रहेगा। समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।***

**********

मथुरा सहित प्रदेश भर में आज राधाष्टमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बरसाना के श्री राधारानी मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा हुआ है। तड़के चार बजे से ही लाड़लीजी के अभिषेक के साथ दर्शन और पूजन का सिलसिला जारी है। मान्यता है कि भाद्रपद माह की शुक्ल अष्टमी को बरसाना में राधारानी का जन्म हुआ था। राधाष्टमी पर्व पर बरसाना स्थित श्रीजी मंदिर की भव्य सजावट की गयी है। आज पूरे दिन यहां लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनज़र व्यापक इंतज़ाम किए गए हैं। मथुरा एस.पी, सुरेश चंद रावत ने बताया, कि बरसाना क्षेत्र को सात जोन और 20 सेक्टर में बांटा गया है। जबकि 325 स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनके ज़रिए वरिष्ठ अधिकारी कंट्रोल रूम से आयोजन स्थल और आसपास की निगरानी करेंगे।

***इस बार दो रास्ते जो एक जो श्री जी गेट से कटारा पार्क होकर के सुदामा चौक तक जा रहा है और दूसरा रास्ता हम लोगों ने इस बार प्रारंभ किया है जो पीली कोठी से और यह लाडो गेट होकर के सुदामा चौक की तरफ जाएगा। इन दो रास्तों से श्रद्धालुओं को हम लोग प्रवेश कर रहे हैं। कुल 38 होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं और 11 प्रेशर पॉइंट है जहां पर हम लोगों ने तीन शिफ्ट में भारी पुलिस बल लगाया है।***

**********

केन्द्र सरकार ने बड़े उपभोक्ताओं के लिए चीनी के भंडारण की सीमा पंद्रह दिनों से बढ़ाकर तीस दिन कर दी है। यह छूट इस शर्त पर दी गई है कि मौजूदा पंद्रह दिनों की सीमा से अधिक चीनी की मात्रा केवल अग्रिम प्राधिकरण योजना और टैरिफ दर कोटा के अंतर्गत आयातित चीनी से ही प्राप्त की जानी चाहिए। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि खुले बाजार से चीनी की खरीद के लिए भंडारण सीमा केवल पंद्रह दिनों की खपत तक ही सीमित रहेगी।

**********